हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर नहीं पहुंच रही दवाई, प्रभारी सचिव ने जताई नाराजगी





## खबर संक्षेप

### गड्ढे में गिरी बाइक चालक की मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण की तेज रफ्तार बुलेट वाहन गड्ढे में गिर गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के भतीजे की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। राम लकड़ा ने लैलूंगा थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह बिछीनारा का रहने वाला है। शुक्रवार को उसका चाचा जोहन लकडा बुलेट गाड़ी से अपनी दादी शाषिता तिग्गा के घर ग्राम पिपराही गया था। वहां से शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास वह अपने गांव बिछीनारा लौट रहा था। बाइक सवार जोहान लकड़ा ग्राम सुबरा कटंगपारा के पास पहुंचा ही था कि मोड़ आने से वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बाइक गड्ढे में जा गिरी। इस दुर्घटना में जोहन तिग्गा के सिर, नाक और मुंह में गंभीर चोट आने पर उसे लैलूंगा अस्पताल ले जाया गया।

### सोने की चेन लूटकर दो बाइक सवार फरार

**राउरकेला।** सिविल टाउन के भास्कर चौक पर शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे दिन दहाड़े एक महिला से छीनतई की वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी। पीड़िता लोहा कारोबारी जय प्रकाश जयसवाल की पत्नी है, जो घर से निकल कर पीपल के पेड़ में जल चढ़ाने जा रही थी। घटना के अनुसारए दो अपराधी काले रंग की बाइक पर सवार होकर महिला के सामने आए और गले से उसकी 30 ग्राम से अधिक वजन वाली सोने की चेन झपट कर भाग गए। इस वारदात का पूरा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही रघुनाथ पाली थाना पुलिस ने मोर्चाबंदी तेज कर दी है और लुटेरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

## कड़े नियम बढ़ा रहे लोगों की मुसीबत, बीएलओ और अन्य अधिकारी भी हैं परेशान

# एसआईआर बना सिरदर्द: विवाहितों के लिए माता-पिता की वोटर आईडी और 2003 की मतदाता सूची जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले भर में अभी मतदाता सूची की गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। जिसमें लोगों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसी के पास पुराने विधानसभा की जानकारी नहीं है तो किसी के पास ईपिक नंबर की जानकारी नहीं है। लेकिन इन सब के बीच सबसे ज्यादा समस्याओं का सामना विवाहित महिलाओं को करना पड़ रहा है।

दरअसल एसआईआर के नियमों के अनुसार जिन लोगों का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है उन्हें अपने माता-पिता की जानकारी देना अनिवार्य है। इसमें सबसे ज्यादा समस्या दूसरे स्थानों से विवाह करके आई हुई महिलाओं को हो रहा है। उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं होने के कारण अपने मायके से अपने माता और पिता का वोटर आईडी आधार कार्ड मंगवाना पड़ रहा है। वहीं बीएलओ के अनुसार कई लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से गणना प्रपत्र भरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से कई लोगों को परेशानी हो रही है।



### एप का सर्वर धीमा, डिजिटलाइजेशन पर असर

सभी जगह प्रक्रिया एक साथ चलने की वजह से बीएलओ एप का सर्वर भी काफी धीमा है। जिसकी वजह से फॉर्म भरने एवं उसके डिजिटाइजेशन में देरी हो रही है। जिसे देखते हुए विभाग के द्वारा जिन स्थानों पर सर्वर की समस्या अधिक हो रही है वहां अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

### रायगढ़ तहसील में 96 प्रतिशत फॉर्मो का हो चुका है वितरण

रायगढ़ तहसील के अंतर्गत कुल 1 लाख 23 हजार 991 मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म वितरण किया जाना है, जिसमें से अब तक 1 लाख 18 हजार 763 फॉर्म वितरण हो चुका है। इस हिसाब से अब तक जिले में 96 प्रतिशत फॉर्मो वितरण हो चुका है। वहीं ब्लॉकवार संख्या देखा जाए तो घरघोड़ा ब्लॉक में सबसे ज्यादा 99 प्रतिशत फॉर्म का वितरण किया जा चुका है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कई तरह की अफवाह

ग्रामीण इलाकों में एसआईआर फॉर्म को लेकर कई तरह की अफवाह भी फैली हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने बताया कि गांव में अफवाह है कि अगर एसआईआर फॉर्म नहीं भरा तो राशन कार्ड से नाम कट जाएगा, राशन मिलना बंद हो जायेगा। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना की राशि, वृद्धा पेंशन जैसी सभी सुविधाएं बंद हो जाएंगी। इन अफवाहों की वजह से भी महिलाएं परेशान हो रही है।

## रेलवे पुल के नीचे मिली अज्ञात युवक की लाश



**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे पुलिया के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना मिली है। घटना की सूचना पर पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत टेरम से कारीछापर जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे पुल के नीचे सुबह ग्रामीणों की नजर एक शव पर पड़ी। घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने घरघोड़ा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। प्राथमिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को घरघोड़ा अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## 15 दिन में दर्ज हुए 30 प्रकरण एक करोड़ का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में 15 दिनों के भीतर 30 प्रकरणों में कुल 3,266 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 1 करोड़ रुपए से अधिक है। जिले की सीमाओं पर स्थित सभी अंतर्राज्यीय एवं आंतरिक चेक पोस्टों पर 24×7 कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पालीवार ड्यूटी लगाई गई है, वहीं अनुविभागीय स्तर पर विशेष निगरानी दल सक्रिय हैं। विकासखण्ड रायगढ़ के अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेंगालपाली में प्रताप साहू ग्राम.भठली चौक तुलसीनगर बरगढ़ उड़ीसा के द्वारा ट्रक क्रमांक ओडी.17 बी 1118 में 180 क्विंटल धान परिवहन करते जब्त किया गया। इसी तरह लैलूंगा के अंतर्राज्यीय जमुना चेकपोस्ट में पिकअप वाहन ओडी.16 एलडी 0300 में 60 बोरी धान उड़ीसा बेहरामाल के हरिकृष्ण के परिवहन करते पाए जाने पर जब्ती किया गया। विकासखंड तमनार. बासनपाली वाहन क्रमांक.सीजी 13 एएफ.9053 माजदा में 100 बोरी धान मुकेश अग्रवाल, धौराभांठा से जब्त किया गया। विकासखंड खरसिया.डोमनारा में भभीक्षण साव के प्रतिष्ठान से 50 कट्टी अवैध धान जब्त किया गया।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दुष्कर्म के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायधीश ने 20 साल की सजा सुनाई है और 8 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दण्डित किया है।

यह घटना जोबी चौकी क्षेत्र की है। शासन की ओर से मामले की पैरवी करने वाले लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि 14 वर्षीय नाबालिग लड़की 14 मई 2024 की रात 11 बजे खाना खाकर कमरे में सोई थी। अगले दिन सुबह 6 बजे वह घर में नहीं थी और उसके कपडे भी गायब थे। ऐसे में उसके पिता ने रिश्तेदारों के यहां पूछताछ की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस पर उन्हें संदेह हुआ कि कोई उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर ले गया है। इसके बाद उन्होंने जोबी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 21 मई 2024 को पीड़िता को बरामद किया गया।

पीड़िता ने महिला पुलिस अधिकारी को बताया कि गांव में पड़ोसी लक्ष्मण दास महंत एक साल से उसे पसंद करता था और शादी करने की बात करता था। पीड़िता ने लक्ष्मण दास से कहा कि वह नाबालिग है, लेकिन उसने जबरदस्ती बातचीत जारी रखी। फिर 14 मई 2024 को उसने पीड़िता से कहा कि मैं तुमसे शादी करूंगा और जबरदस्ती उसे अपनी मोटरसाइकिल में बिलासपुर ले गया। बिलासपुर की लेबर कॉलोनी में किराए के मकान में रखा और मारपीट करते हुए 20 मई तक उससे शारीरिक संबंध बनाया। 21 मई 2024 को बिलासपुर से गांव लाकर उसे छोड़कर चला गया। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 366, 376, 2 एन 323 पॉक्सो एक्ट जोड़ते हुए लक्ष्मण दास महंत को गिरफ्तार किया। मामला पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र साहू ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी पाया। न्यायाधीश ने आरोपी को 20 साल की जेल की सजा सुनाई और 8 हजार रुपए जुर्माना लगाया।



**खबर संक्षेप**

## चंदन बने ओबीसी प्रकोष्ठ के ओड़िशा प्रदेश अध्यक्ष



**राउरकेला।** चंदन राय संजय बामड़ा को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ओबीसी प्रकोष्ठ के उड़ीसा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है। अति पिछड़ा वर्ग के कार्यों एवं उनके सहभागिता को देखते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने यह नियुक्ति प्रदान की इसके पश्चात इसकी जानकारी हेतु प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सह उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र शासन अजीत पवार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल उड़ीसा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव एवं अन्य को प्रेषित की गई। डॉक्टर राजकुमार यादव ने चंदन राय को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के दिशा निर्देशों एवं विचारों को ओबीसी समुदाय के अन्य सभी समाज में प्रचारित प्रसारित करते हुए असली राष्ट्रवाद के विचार धारा को आगे बढ़ाएं।

## राजस्व अधिकारी संघ की बैठक में लिए गए फैसले

**राउरकेला।** उदितनगर स्थित आईटीडीए हॉल में शनिवार को ओडिशा राज्य राजस्व क्षेत्र अधिकारी संघ की वार्षिक बैठक बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई। बैठक में राज्य संघ के अध्यक्ष सुचंद्र महंती, जिला संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू, महासचिव दीपक कुमार नायक तथा पूर्व राज्य अध्यक्ष गोलक बिहारी मंगराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का बैच एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। बैठक में जिले की 18 तहसीलों से आरआई, सहकारी राजस्व निरीक्षक, राजस्व परीक्षक समेत कुल 280 सदस्य शामिल हुए। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के समक्ष लंबित मांगों को प्रभावी रूप से रखना था। प्रमुख मांगों में कैडर रीस्ट्रक्चरिंग, सभी सदस्यों को आयुष्मान योजना का लाभ, आरआई भवन निर्माण, राजस्व परीक्षक कार्यालय की स्थापना, सहकारी राजस्व निरीक्षकों ए आर आई को 2800 ग्रेड पे प्रदान करना।

## अवैध फ्लाईऐश डंप का मामला गर्माया, सीएम को लिखी चिट्ठी

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के करमडीही से लुआकेरा तक स्टेट हाइवे की सड़क और तलसरा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग होने की शिकायत ने गंभीर रूप ले लिया है। इस मुद्दे को लेकर ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया है। विस उपाध्यक्ष श्री भोई द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि रात के समय हथियारबंद लोगों की मौजूदगी में कुछ वाहन अवैध रूप से फ्लाई ऐश फेंक रहे हैं, और विरोध करने पर स्थानीय लोगों को धमकाया भी जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक कई बार शिकायत कर चुके हैं, फिर भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इसलिए इस अवैध गतिविधि में शामिल ट्रांसपोर्टरों और संबंधित कंपनियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। विस उपाध्यक्ष भोई ने आगे कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े निगरानी तंत्र की आवश्यकता है।

## बस्ती से दूर हॉस्टल में बच्चों को रखना नहीं चाहते पालक



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के बोरोडिपा ग्राउंड में जब बालिका हास्टल संचालित था तो उस समय यहां बालिकाओं की संख्या 45 के आसपास थी, लेकिन जब यह हास्टल कालेज रोड पर स्थित नए भवन में संचालित हुई तो वहां मात्र 19 छात्रा ही है। जानकारी के अनुसार हास्टल बस्ती से दूर होने के कारण यहां पालक अपने बच्चों को नही रख रहे हैं। चूंकि यह इलाका बस्ती से काफी दूर है। हालांकि यहां सुरक्षा के सभी इंतजाम है, बावजूद पालको को भरोसा नहीं हो पा रहा है। ज्ञात हो कि 19 छात्राओं के लिए भी 3 रसोइया सहित सभी पुख्ता व्यवस्था है। हास्टल में पेय जल प्रकाश, छात्रों के ट्यूशन आदि को लेकर जानकारी लेने का प्रयास किया गया।

## दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल की सजा, अर्थदण्ड

**घरघोड़ा।** विशेष न्यायाधीश शहाबुद्दीन कुरैशी ने आरोपी राहुल सिंह राजपूत को दुष्कर्म के मामले में दोषी करार देते हुए बीस साल सश्रम कारावास एवं 5 हजार 500 के अर्थ दण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक श्रीमती अर्चना मिश्रा ने बताया कि आरक्षी केन्द्र धरमजयगढ़ के अनुसार 14 जनवरी 2023 को आरोपी राहुल सिंह राजपूत ने पीड़ित को बहला फुसलाकर उसके माता पिता के अनुमति के बिना शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध स्थापित किया।

### नई रंगत में नजर आएगा पार्क, जिंदल फाउंडेशन कर रहा सौंदर्यीकरण

# अब कमला नेहरू पार्क होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस, आकर्षक साधनों से सजेगा उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अपनी सेहत बनाने और मनोरंजन के लिए हर दिन सैकड़ों की तादाद में पहुंचने वाले लोगों को अब कमला नेहरु पार्क एक नया लूक में नजर आएगा। अब कमला नेहरु पार्क आधुनिक सुविधाओं से लैस होने जा रहा है। यह पार्क मनोरंजन के आकर्षक साधनों से अब सजेगा ।



शहर का प्रसिद्ध कमला नेहरू पार्क अब एक बार फिर अपने नए और भव्य स्वरूप में शहरवासियों के बीच प्रस्तुत होने जा रहा है। जिंदल फाउंडेशन ने पार्क के व्यापक उन्नयन और सौंदर्यीकरण का बीड़ा उठाया है तथा इसके लिए विभिन्न विभागों की टीमें लगातार दिन रात काम कर रही हैं। आने वाले कुछ सप्ताहों में यह पार्क पूरी तरह नये कलेवर में दिखाई देगा, जहां आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उन्नत सुविधाएं और सौंदर्यपूर्ण वातावरण लोगों को नया अनुभव प्रदान करेंगे। जिंदल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों में पार्क के मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर का नवीनीकरण, रोशनी की पर्याप्त एवं उन्नत व्यवस्था, पाथवे और बैठने की जगहों का सुधार, चारों ओर सौंदर्यीकरण तथा रंग रोगन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। बच्चों के लिए आधुनिक एवं सुरक्षित झूलों का नया सेट स्थापित किया जा रहा है, ताकि यह पार्क परिवारों के लिए और भी अधिक आकर्षण का केंद्र बन सके। कमला नेहरू पार्क शहरवासियों का पसंदीदा स्थल रहा है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग सुबह शाम टहलने, योग, व्यायाम, मानसिक सुकून और परिवार संग समय बिताने पहुंचते हैं।

एक समय यह उद्यान जर्जर स्थिति में थाए तब जिंदल समूह ने इसकी दुर्दशा को देखते हुए इसके जीर्णोद्धार का महत्वपूर्ण कार्य किया था। सुंदर झूलों, हरे भरे वातावरण और आकर्षक निर्माण कार्य ने इस पार्क को नई पहचान दी। इसके बाद जिंदल समूह ने यहां योग मंच का निर्माण कर स्वास्थ्यप्रेमियों के लिए विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई थी। विगत कुछ समय से पार्क के पुनः सौंदर्यीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस संबंध में महापौर जीवर्धन चौहान एवं निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने भी जिंदल फाउंडेशन से चर्चा की। इसके उपरांत फाउंडेशन ने एक बार फिर पार्क को आधुनिक सुविधाओं से सजाने का निर्णय लिया और लगभग पिछले 10 दिनों से सिविल, इलेक्ट्रिकल और उद्यानिकी विभाग की टीमें निरंतर कार्यरत हैं। जिंदल फाउंडेशन द्वारा पहले भी इस पार्क में टॉय ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराई गई थीए जिसने बच्चों का विशेष आकर्षण बढ़ाया। अब नई योजना के तहत लेटेस्ट मॉडल की आधुनिक टॉय ट्रेन स्थापित की जाएगी, जिससे बच्चे और अधिक मनोरंजन का लाभ उठा सकें।

## डकैती की योजना बनाते पांच बदमाश गिरफ्तार



- प्लांट साइट पुलिस ने की बड़ी कार्यवाई राउरकेला

**राउरकेला ।** 20-21 नवंबर की दरमियानी रात जब एसआईबी बी केटी अपने स्टाफ के साथ प्लांटसाइट थाना एरिया में नाइट पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान जानकारी मिली पांच बदमाश डकैती की योजना बना रहे हैं। उन बदमाशों को मौके पर दबिश देकर पकड़ लिया। जिनकी पहचान करण केरकेट्टा, मोहम्मद ज़ालिल, मोहम्मद साहिद, श्राबन कुमार उर्फ श्रवण और टिंकू साहू के रूप में हुआ। ये आरोपी एक सुनसान जगह यानी गेट नंबर 02, बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम, बिसरा रोड, राउरकेला के पास इकट्ठा हुए थे और उनके पास फायर आर्म्स पिस्टल, भुजाली जैसे खतरनाक हथियार थे। लोहे की रॉड, जो राहगीरों, आस पास के घरों, दुकानों, पेट्रोल पंप से डकैती करने की तैयारी के लिए बनाई गई थीं। पुलिस की तुरंत कार्रवाई से एक बड़ा अपराध रोका जा सका और हार्ड कोर अपराधियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी करण केरकेट्टा, उम्र 26 साल, बेटा राजेश केरकेट्टा, गोपबंधुपाली, मो ज़ालिल, उम्र 30 साल, बेटा मो जमील, महताब रोड, मो साहिद उम्र 19 साल, बेटा मो अलाउद्दीन, महताब रोड आर डीए बिल्डिंग, श्रवण कुमार उर्फ श्रवण, उम्र 19 साल, बेटा कृष्ण राम, महताब रोड धोबीघाट, टिंकू साहू, उम्र 20 साल, बेटा लखन साहू, मधुसूदनपाली तेलगुबस्ती निवासी है। जब्त किए गए सामान एक फायर आर्म पिस्टल 03 लोहे की तलवार, एक लोहे की भुजाली कट्टा शामिल है।

## एक करोड़ के इनामी मिसिर की तलाश जारी 10 हज़ार से अधिक जवानों की मोर्चाबंदी

- सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर की संयुक्त कार्रवाई
- सारंडा जंगल को जल्द घोषित किया जाएगा माओ मुक्त

**राउरकेला।** आंध्रा व छत्तीसगढ़ की सीमा पर कुख्यात नक्सल कमांडर हिडमा के एनकाउंटर में ढेर होने के बाद अब सुरक्षा एजेंसियों ने झारखंड व ओड़िशा के सीमा के सारंडा जंगल में निर्णायक घेराबंदी शुरू कर दी है। खुफिया इनपुट के आधार पर सुरक्षा बलों का मुख्य लक्ष्य अब एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा को ढूंढकर निष्क्रिय करना है, जिसके सारंडा क्षेत्र में मौजूद होने की पुष्टि हुई है। सारंडा जंगल लंबे समय से माओवादी गतिविधियों का केंद्र माना जाता रहा है। इसी दुर्गम इलाके में मिसिर बेसरा के साथ असीम मंडलए अनल दा और कई अन्य वांछित नक्सली वर्षों से सक्रिय हैं। सूत्रों के अनुसार, 10 हजार से अधिक जवान इस रणनीतिक ऑपरेशन में तैनात किए गए हैं। सुरक्षा बल लगातार जंगल के भीतरी इलाकों में घुसकर नक्सलियों के ठिकानों को चिन्हित कर अभिबढ़ा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस बार अभियान तब तक नहीं रुकेगा, जब तक सरंडा पूरी तरह माओवादी प्रभाव से मुक्त नहीं हो जाता। ऑपरेशन में सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में झारखंड पुलिस को नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान कई महत्वपूर्ण सफलताएँ मिली हैं। सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और माओवादी साहित्य बरामद किया है जिससे सक्रिय होने की पुष्टि होती है।

## वरिष्ठ डॉक्टरों को हटाने के नोटिस से आक्रोश, नए डॉक्टरों की नियुक्ति तक सेवा विस्तार की मांग




**राजगांगपुर।** राजगांगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में डी एम एफ के तहत नियुक्त वरिष्ठ डॉक्टरों की आयु 70 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में सुंदरगढ़ कलेक्टर द्वारा आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। लेकिन सबसे बड़ी चिंता यह है कि इनकी जगह नए डॉक्टरों की नियुक्ति अभी तक नहीं की गई, जिससे शहरवासियों में गहरा असंतोष फैल गया है।

हटाए जाने की सूची में वे डॉक्टर शामिल हैं, जिनकी सेवाओं पर राजगांगपुर सीएचसी की अधिकांश अहम चिकित्सा सुविधा, निर्भर रही हैं, जिनमें एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. संतोष अग्रवाल, जिनकी मौजूदगी से अस्पताल में सुरक्षित प्रसव और ऑपरेशन संभव हो पाते थे। वरिष्ठ सर्जन डॉ. मुरारी देहुरी, डॉ. गुरु, डॉ. पटेल आदि हैं। इन डॉक्टरों ने वर्षों से अस्पताल में निरंतर और महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की हैं। यदि इन्हें अचानक सेवा से अलग कर दिया गया और समान दक्षता वाले नए डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं कराए गए, तो शहर के लोगों को आपात चिकित्सा सेवाओं तक पहुंचने में गंभीर बाधा आएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक नए डॉक्टरों की नियमित नियुक्ति नहीं होती, तब तक इन वरिष्ठ चिकित्सकों की सेवा अवधि 30 नवंबर 2025 तक या आवश्यकता अनुसार बढ़ाई जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित न हों। शहरवासियों ने प्रशासन से इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग करते हुए चेतावनी दी है ।

## बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**राउरकेला।** ओड़िशा में बिजली वितरण की जिम्मेदारी टाटा पावर को मिलने के बाद उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ने का आरोप लगाते हुए सीपीआई एम यानी माकपा ने उदित नगर स्थित टाटा पावर के मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। माकपा की राउरकेला आंचलिक समिति और रघुनाथपाली आंचलिक संगठनात्मक समिति की ओर से हुए इस प्रदर्शन के दौरान कंपनी पर श्विभिन्न तरीकों से उपभोक्ताओं का शोषण करने का आरोप लगाया गया और अधिकारियों को 7 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व राज किशोर प्रधान ने की। इस दौरान विमान माइति, श्रीमंत बेहेरा, बीपी महापात्र, अजय शर्मा, विश्वजीत मांझी, भागीरथी टुडू, ययाति केशरी साहू, चंद्रभानु दास, लक्ष्मीधर नायक, हृदयानंद यादव, अरु दास, विनय बेहुरिया सहित कई नेताओं ने अपने भाषण में सरकार और टाटा पावर दोनों को कठघरे में खड़ा किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली सुधार के नाम पर सरकार ने गुणवत्तापूर्ण सेवा का वादा किया थाए लेकिन अब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त शुल्क और जबरन स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे हैं। मांगपत्र में 300 यूनिट मुफ्त बिजली, जबरन स्मार्ट मीटरिंग रोकने, हर 30 दिन बिल उपलब्ध कराने, अनावश्यक बिजली कटौती खत्म करने, क्षतिपूर्ति देने, अतिरिक्त चार्ज बंद करने और स्थानीय युवाओं को नौकरी देने जैसी मांगें शामिल हैं। माकपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शोषण नहीं रूका, तो आने वाले दिनों में बड़े जन आंदोलन होंगे। प्रदर्शन में प्रभात महांती, दिवाकर महारण, अजित एक्का, सुधांशु जेना, बसंत पाढ़ी, सागर छोटराय, कवि प्रधान, सचिन राय समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सर्पदंश जागरूकता पर कार्यशाला



**रायगढ़।** वनमंडल धरमजयगढ़ क्षेत्र में होने वाली सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम के लिए काष्ठागार धरमजयगढ़ में जनजागरुकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सर्पदंश से बचाव, इस क्षेत्र में पाये जाने वाले विभिन्न प्रकार की जहरीले सर्प की पहचान एवं उसकी रेस्क्यू तथा उसके संरक्षण के संबंध में चर्चा हुई।

प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में पाये जाने वाले विभिन्न जहरीलेए बिना जहर वाले सांपो की पहचान करनाए सर्पदंश से बचाव, सांपो का संरक्षण, सर्पदंश के बाद होने वाले चिकित्सकीय उपायों तथा सांप से जुड़े अन्य विषयों पर गहन रुप से चर्चा परिचर्चा कर सांपो से जुड़ी अपनी जानकारी को बढ़ाना, जिससे सर्पदंश से होने वाली अकाल मृत्यु को न्यूनतम किया जा सके। कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने क्षेत्र में सांपो से होने वाली अकाल मृत्यु को न्यूनतम करने की विभिन्न उपायों के बारे में बताया तथा लोगों को इस संबंध में जागरुक किया गया। एम सुरज नोवा नेचर वेल्फ फेयर द्वारा सांपों के विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी दी एवं सांपो से होने वाली मृत्यु और उसके सुरक्षा के उपाय के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. शर्मा ने सांपों का चिकित्सकीय प्रक्रिया एवं ईलाज के बारे में विस्तार से बताया। मितानिन श्रीमती सुकवारा साहू जो सांपो के बारे में जनजागरुकता का कार्य कर रहे है, उन्होंने अपने अनुभव साझा कर और स्थानीय स्तर पर सर्पदंश से बचने की उपायों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान लोगों से सांपो की जानकारी के संबंध में एक प्रश्न उत्तरी का भी आयोजन किया गया। अलग अलग मनोरंजक तथा विडियो एवं प्रेजेटेशन के माध्यम से सांपो के बारे में लोगों को उनकी आसान भाषा में जानकारी दी गई। वनमंडल धरमजयगढ़ सर्पदंश की घटनाओं को लेकर संवेदनशील है तथा लगातार सांपो के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे है। वनमंडल धरमजयगढ़ द्वारा भविष्य में भी लगातार इस प्रकार की जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। जनजागरुकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला में धरमजयगढ़ एवं लैलूंगा विकास खंड के डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी, अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, हाथी मित्रदल, ट्रैकर, वन अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, मिडियाकर्मीए एनएसएस स्वावलंबी, नोवा नेचर वेल्फ फेयर एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर हटाने और यार्ड सफाई नहीं कॉलोनीवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** कोतरारोड गजानंदपुरम कॉलोनीवासियों ने शनिवार को विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से निवासियों ने मांग को है कि विद्युत विभाग के हीरापुर स्थित विद्युत सब स्टेशन में ट्रासंफार्मर संग्रहण केन्द्र में कॉलोनी के दीवार से सटा कर रखे ट्रांसफार्मरों को हटाया जाए तथा साथ ही बाउण्ड्रीवॉल के पीछे बहुत सारी सूखी झाडिय़ों व पेड़ हो चुके हैए जिसे वहां से काटने एवं उक्त स्थान की सफाई करवाने की मांग की गई है। बिजली विभाग के हीरापुर स्थित ट्रांसफार्मर संग्रहण केंद्र में आगजनी की घटना घट चुकी है। आगजनी इतनी भीषण थी कि उसे काबू करने में 5-6 घंटे लग गए थे। जिसमें विभाग को करोड़ों का नुकसान हुआ था और साथ ही आग सूखे झाड़ियों और पेड़ो की सहायता से फैलते हुए गजानंदपुरम कॉलोनी तक पहुंच गई थीए जिसमें कॉलोनी के २ घर भी चपेट में आए थे।

## कुधरी में विधिक जागरूकता शिविर

**सरसीवां।** आशा निकेतन वृद्धा आश्रम कुधरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बताया गया कि माता.पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 भरण माता.पिता और वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा देना। शिविर में बताया गया कि वृद्धों की उपेक्षा कदापि न हो और परिवार या राज्य द्वारा उचित सहायता मिल सके। विधिक अधिकारियों ने शिविर में कई अधिनियम के बारे में बताए गए। माता-पिता, वरिष्ठ नागरिक 60 वर्ष या उससे अधिक आयु संतान एवं वारिस जैविक, दत्तक, सौतेले, दामाद, बहू सहित, भरण-पोषण का अधिकार है। वरिष्ठ नागरिक और माता-पिता अपने बच्चों या कानूनी वारिसों से भोजनए आवासए दवाए देखभाल और दैनिक आवश्यकताओं के लिए भरण.पोषण की मांग कर सकते हैं। यदि वे स्वयं अपना पालन पोषण नहीं कर सकते तो संतान व वारिसों का कानूनी दायित्व है कि वे उनके सहायता करें। न्यायाधिकरण संतान एवं वारिस को हर महीने निर्धारित भरण पोषण राशि देने का आदेश दे सकता है। अधिकतम मासिक राशि राज्य सरकार द्वारा तय सीमा तक हो सकती है। आदेश का पालन न करने पर दंड का प्रावधान है।

## सतनाम भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**रायगढ़।** महापौर जीवर्धन चौहान के मुख्य आतिथ्य में सतनाम भवन कांशीराम चौक में निःशुल्क आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत सभी 12 पैकेज की स्वास्थ्य सेवाएं नागरिकों को प्रदान की गईं। इन सेवाओं में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, गैर संचारी रोग जांच, लैब जांच, टीकाकरण, टीबी जांच, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान कार्ड एवं वयोवंदन कार्ड निर्माण जैसी सुविधाएं शामिल थीं। शिविर के दौरान पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम तथा सास बहू सम्मेलन आयोजित कर लोगों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू आयुष्मान योजना ने देश के हर वर्ग को गंभीर बीमारियों से निपटने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों द्वारा घर-घर पहुँचकर बेहतर स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध कराने के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए उचित पोषण और विटामिन अत्यंत आवश्यक हैं और इस शिविर के माध्यम से ऐसी जानकारी जनता तक प्रभावी रूप से पहुँच रही है। स्वास्थ्य कैम्प में कुल ओपीडी 294, जिसमें से एनसीण्डी अन्तर्गत 95 लोगों का स्क्रीनिग किया गया। वयोवृध्द 46 एवं गभवती माताओं व अन्य शिशुओं का जांच किया गया। जिसमें से 17 बच्चों का टीकाकरण किया गया। कुल पैथोलाजी जांच 89 है, जिसमें शुगर, सिकलिग, एचबी एचआई वी सीबीसी का जांच किया गया। टीण्बी जांच 57 जिसमें से 23 सस्पेक्टेट मिले। नेत्र जांच 28 जिसमें कैटरेक्ट के मरीज 8 मिले एवं फियोसबिया 07 एवं 13 अन्य मरीज मिले। आयुष्मान कार्ड 07, वयोवंदन कार्ड 02 बनाया गया। व एक हितग्राही को छड़ी वितरण किया गया।

### हड़ताल से शुरुवात में कुछ समस्याएं आई पर समय पर धान खरीदी पूर्ण कर ली जाएगी

# प्रतिमा ने भड़ीसार मंडी में किया धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ जिले में सभी समितियों में धान की खरीदी शुरू हो गई है। इसी खरीदी के तहत भड़ीसार, कटेली, सहसपानी मंडी में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। जहां किसान देवकुमार पटेल भड़ीसार ने 76 किंटल धान की बिक्री प्रथम की है। इस धान बिक्री उत्सव के शुभारंभ में मुख्य रूप सें क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिमा बरिहा, पुरुषोतम, साहू, राकेश पटेल, प्रबंधक मिठाई लाल साहू, पड़ प्रभारी दिनेश चन्द नामक, उमा शंकर साहू, समारू नायक, धर्नुधर पटेल सरपंच भड़िसार, मुरारी, किशन चौहान सम्मिलित हुए। जनपद सदस्य



प्रतिमा बरिहा का मानना है कि सरकार द्वारा इस बार किसानों को अधिक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इस बार ऑनलाइन टोकन भी कट रहा है। मंडी कर्मचारीयो के हड़ताल से शुरुवात में कुछ समस्याएं आई पर समय पर सभी किसानों से धान खरीदी पूर्ण कर ली जाएगी।

## आरएसपी में ठेकेदारों का वर्क स्ट्राइक का ऐलान, 28-29 नवंबर को ठप होगा काम

राउरकेला। राउरकेला कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन आरसीए ने आरएसपी प्रबंधन की मनमानी और ठेकेदारों के कथित शोषण के खिलाफ 28 और 29 नवंबर को पूरे 48 घंटे की वर्क स्ट्राइक का ऐलान किया है। शनिवार को उदितनगर स्थित सिंहासिनी मंदिर में हुई ठेकेदारों की अहम बैठक में यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। एसोसिएशन का आरोप है कि आरएसपी इंडिकेटिव मेन पावर के आधार पर ठेकेदारों से पेनल्टी वसूल रहा है, जबकि काम पूरा होने के बावजूद भुगतान वास्तविक मेन पावर के हिसाब से नहीं किया जाता। जॉब कम्प्लीशन का सर्टिफिकेट मिलने के बाद भी भारी पेनल्टी के चलते ठेकेदारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ठेकेदारों ने यह भी आरोप लगाया कि आरएसपी स्थानीय कॉन्ट्रैक्टर्स को दरकिनार कर बोकारो के ठेकेदारों को ज्यादा तरजीह दे रहा है।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

खबर संक्षेप

### सीमा ने पीएससी परीक्षा में रचा इतिहास



**कोसीर।** परसकोल की होनहार बेटी सीमा पटेल ने अपनी लगन, संघर्ष और अथक परिश्रम से पीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर जिले का मान बढ़ा दिया है। सीमा पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति पटेल की सुपुत्री एवं भाजपा नेता मोती पटेल व हीरा पटेल की भतीजी हैं। इस सफलता के साथ ही उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का माथा गर्व से ऊँचा कर दिया है। सीमा पटेल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने जिले में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना दिया है। नारी शक्ति व बेटियों के लिए वह एक नई मिसाल बनकर उभरी हैं। उनकी इस चमकदार सफलता से क्षेत्र की सभी बेटियों को नई दिशा और प्रेरणा मिली है कि अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी मंज़िल असंभव नहीं। परिवार की यह दूसरी बड़ी उपलब्धि है पूर्व में भी सीमा के भाई ने पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले में गौरव का परचम लहराया था। लगातार दो सफलताएँ प्राप्त कर इस परिवार ने शिक्षा और समाज के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। सीमा पटेल ने कहा कि उनका यह सपना कड़ी मेहनत और गुरुजनों परिवार के सहयोग से पूरा हुआ है। उन्होंने सभी युवाओं, विशेषकर बेटियों से आह्वान किया कि वे निरंतर मेहनत करें और अपनी क्षमता छोटे से गाँव से निकलकर बड़े सपनों को साकार करने वाली सीमा पटेल आज युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं।

### लिटिल एंजल स्कूल के 36 खिलाड़ियों ने जीते कप

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के तडोला में स्थापित लिटिल एंजील स्कूल शिक्षा, संस्कृति और खेल को लेकर प्रसिद्धि पाने में किसी का मोहताज नहीं बल्कि स्वयं के मेहनत और बुद्धि के बल पर लगातार आगे बढ रहा है। उक्त स्कूल के संस्था प्रमुख संजय प्रधान, प्राचार्य एवं स्टाफ सदैव इसके लिए होमवर्क करते रहे हैं कि कैसे हम अपने छात्रों को आगे बढाएं। जानकारी के मुताबिक उक्त स्कूल में सीबीएससी कोर्स संचालित है जिसके कारण पुसौर क्षेत्र ही नहीं दूसरे क्षेत्र के लोग आकर उक्त स्कूल में अध्ययनरत है। चूंकि संस्कार और खेल में भी यहां के छात्र अपने केरियर को संवार सकते हैं। सूत्रो के मुताबिक नेशनल स्तर पर यहां के 5 छात्र पहुंच चुके हैं वहीं बालीबाल स्टेट लेबल में 4 छात्रा तथा 2 छात्र है। जिला स्तर में खोखो खेल 3 छात्र, चेस में 1 बेडमेंटनमें 1 तथा कबड्डी में 5 छात्र शामिल है खंड स्तर पर अन्य खिलाड़ी है जो क्षेत्र के स्कूलों के छात्रों को परास्त किए हैं।

### खितेश्वर और लक्ष्मी का सिविल सेवा में चयन



**रायगढ़।** खितेश्वर प्रसाद राठिया और लक्ष्मी राठिया ने सिविल सेवा में चयनित होकर राठिया समाज का मान बढ़ाया है। जिससे समाज ही नहीं पूरे जिलेवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया ने इस सफलता के लिए दोनों को बधाई दी। विधायक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में पोस्ट करते हुए लिखा कि ग्राम मुनुन्द के खितेश्वर प्रसाद राठिया को महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बनने पर बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाए। इसी तरह लक्ष्मी राठिया के सिविल सेवा में चयन होने पर उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि आप हमारे समाज के गौरव और मिसाल हैं।

### निधन...

### घनश्याम गुप्ता



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 4 के रहवासी 80 वर्षीय घनश्याम गुप्ता का बीते शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन पर नगर पंचायत अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व अध्यक्ष किशोर कसेर, रितेश थवाईत, रामलीला समिति अध्यक्ष बैकुण्ठ गुप्ता आदि ने संवेदना व्यक्त की।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए

# स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर नहीं पहुंच रही दवा, प्रभारी सचिव ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

जिले के प्रभारी सचिव एवं वाणिज्य उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रजत कुमार ने बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। प्रभारी सचिव रजत कुमार जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे। प्रभारी सचिव ने समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का संबंधित अधिकारी अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। आगामी समीक्षा बैठक तक प्रगति होनी चाहिए। प्रभारी सचिव को जानकारी मिली की अस्पतालों में देरी से दवाई पहुंचती है। इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दूरस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों में दवा उपलब्ध कराने में विलंब पर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से मिले और कोई भी वंचित न रहे।




बैठक लेते प्रभारी सचिव और उपस्थित अधिकारी।

प्रभारी सचिव ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित है इसलिए, विभागीय समन्वय एवं समयबद्ध क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री कृषक उन्नति योजना, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत तिलहन क्षेत्र विस्तार, प्रधानमंत्री आशा योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति सहित प्रमुख कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अंतर्गत अपार आईडी, छात्रों के आधार कार्ड निर्माण, शिक्षकों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम सुधार पर बल दिया। खाद्य विभाग के अंतर्गत उज्ज्वला 3.0 योजना में गैस कनेक्शन वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए मिले लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल उपलब्धता की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**चार महीने में दिखना चाहिए प्रगति**

प्रभारी सचिव ने लंबित प्रकरणों और प्रथम किस्त भुगतान को शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में चल रहे अधोसंरचना विकास के कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को अगले चार महीने में कार्य प्रगति लाने के निर्देश दिए। शासन की महत्वाकांक्षी धान खरीदी पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं सहित रेडी टू ईट उत्पादन, महतारी वंदन योजना के ई.केवाईसी, पोषण सुधार, स्वास्थ्य विभाग में एनसी पंजीयन, दवा उपलब्धता, आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं दूरस्थ अंचलों में टेलीमेडिसिन सेवा की प्रगति की समीक्षा की।




# शिकार के लिए करंट का जाल बिछाते एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

रायगढ़ वनमण्डल में चलाए जा रहे एंटी स्नेयर वॉक अभियान के दौरान वन विभाग की टीम ने वन परिक्षेत्र रायगढ़ के अंतर्गत बंगुरसिया पश्चिम कक्ष क्रमांक 946, नारंगी क्षेत्र में वन्य प्राणी शिकार के लिए 11 केवी विद्युत तार से सेटरिंग तैयार कर फंदा बिछाते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया। रायगढ़ डीएफओ ने बताया कि आरोपी जय सिंह, पिता कार्तिकराम राठिया, उम्र 39 वर्ष, निवासी छिरवानी, बिजली के केबल का इस्तेमाल कर वन्य प्राणियों के शिकार की कोशिश कर रहा था।

मौके से सेटरिंग तार और विद्युत तार बरामद किए गए। वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को न्यायालय रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में मुख्य रूप में उप वनमण्डलाधिकारी एमएम मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय लकड़ा, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र सहायक बंगुरसियां पश्चिम ज्योति ध्रुव, उप वनक्षेत्रपाल हेमलाल जायसवाल, वनपाल पस जामगांव मधुसुदन बरिहा, वनरक्षक सुखलाल खड़िया, पालू राम साहू वनरक्षक, आशीष बानी वनरक्षक, दुरवाशा धनवार सुरक्षा श्रमिक, सबिन उरांव सुरक्षा श्रमिक, सिमोन केरकेट्टा सुरक्षा श्रमिक एवं तुलसी बसोड़ का योगदान रहा।

# गौरव पथ निर्माण में गड़बड़ी नगरवासियों ने की जांच की मांग

**बिलाईगढ़।** जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ, पूर्व पार्षदों, आम नागरिकों के बढ़ते दबाव के बाद भले ही गौरव पथ निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है, लेकिन निर्माण की शुरुआत के साथ ही भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। कुछ माह पहले नगर के गौरव पथ निर्माण को लेकर मीडिया रिपोर्टस में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील चौधरी को विकास पुरुष बताते हुए यह दावा किया गया था कि बिलाईगढ़ को व्यवस्थित, आधुनिक और सुविधाजनक शहर बनाने की दिशा में यह एक साहसी प्रशासनिक पहल है। तब कहा गया था कि गौरव पथ का उद्देश्य सिर्फ सड़क निर्माण नहीं, बल्कि मुख्य मार्ग पर यातायात अवरोध, अव्यवस्थित पार्किंग और ख़राब ड्रेनेज जैसी मूल समस्याओं का स्थायी समाधान करना है। अब इसकी जांच की मांग की जा रही है। साथ ही 132 करोड़ रुपए की जल आवर्धन योजना को ध्यान में रखते हुए पाइपलाइन बिछाने के लिए सुरक्षित स्थान और भविष्य को देखते हुए पैदल यात्रियों व दिव्यांगों के लिए व्यवस्थित फुटपाथ बनाने की भी बात कही गई थी, लेकिन अब ज़मीनी हकीकत इन दावों के विपरीत है। इससे कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है।



इसे लेकर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरु हो गया है। लोगों का आरोप है कि कहीं 1 फीट तो कहीं 1 मीटर तक मार्किंग रोज़ बदल रही है। दूसरी ओर वार्डवासी और व्यापारी कुछ स्थानों से अत्यधिक ज़मीन ली जा रही है, जबकि कुछ लोगों को जानबूझकर संरक्षित रख कर जगह छोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। इसे लेकर भारी नाराज़गी है। इसी तरह लोगों ने कहा कि पहले कहा गया था कि पैदल यात्रियों और दिव्यांगों के लिए सुंदर व सुरक्षित फुटपाथ बनाया जाएगा, लेकिन वर्तमान निर्माण में फुटपाथ के लिए कोई स्पष्ट स्थान नहीं छोड़ा गया। जिससे आशंका है कि गौरव पथ बनने के बाद फिर से तोड़फोड़ कर फुटपाथ बनाया जाएगा। दूसरी ओर 132 करोड़ की जल आवर्धन योजना की मुख्य लाइन के लिए आवश्यक स्थान छोड़े जाने की बात कही गई थी। लोग आरोप लगा रहे हैं कि पाइप लाइन बिछाने की जगह ही नहीं छोड़ी जा रही।

### आयुर्वेद विभाग ने किया विभिन्न गतिविधियां

**रायगढ़।** पुसौर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा में चिकित्सा शिविर का आयोजन कर स्क्रीनिंग की जा रही है। जिसमें गाँव के वृद्ध लोग ज्यादा लाभ उठा रहे हैं। शिविरो में जरूरत मंद मरीजों का इलाज कर निशुल्क दवाईया दी जा रही है। आर्युवेद से जुड़ी दवाईया खान पान परहेज करने पर ज्यादा कारगर होती है। मौसम के अनुसार खान पान आहार विहार दिनचर्या प्राकृतिक चिकित्सा का अंग है इस संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार प्रचार प्रसार एवं शिविर के आयोजन से जनता आयुर्वेद पद्धति को भली भाँति जानने लगे हैं। नवम्बर माह में शिविर में 257 ग्रामीण रोगी स्वास्थ्य लाभ लिए। वहीं शालेय स्वास्थ्य परीक्षण में 145 बच्चे लाभ लिए। हर महीने पांच गांव में शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर रनभाटा, जिलाडी, सिलादि, रायपाली, नावापारा में लगाया गया। इन शिविरो में मरीजों को वितरित की जाने वाली औषधि गुणवत्ता युक्त रहती है जिसे सीजीएमएससी द्वारा आपूर्ति की जाती है।

# वार्षिक आध्यात्मिक सम्मेलन में साधु संतों ने किया धुनी यज्ञ

**सरिया।** अलेख महिमा आश्रम में प्रतिवर्ष आश्रम का वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। इस बार भी आश्रम में वार्षिक उत्सव के दौरान साधु संतों का समागम के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिमा धर्म के सिद्ध बाबा साधु संत पहुंचे।

■ दर्शन व भंडारे का प्रसाद लेने उमड़े श्रद्धालु

तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दौरान साधु संतों के आशीर्वचन पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा प्रवचन में शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

इस दौरान सिद्ध साधु संत बाबा वीरेंद्र दास के दर्शन के लिए सरिया सहित उड़ीसा प्रांत से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। 20 से 22 नवंबर तक आयोजित वार्षिक उत्सव में साधु संतों के द्वारा धुनी यज्ञ भी किया गया। जिसमें श्रद्धालु जन धुनी में शुद्ध देसी घी, श्रीफल एवं अन्य पूजन सामग्री के साथ यज्ञ में आहुति दी। तत्पश्चात यज्ञ स्थल का साधु संतों के साथ परिक्रमा कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना भक्त जनों ने की। इस मौके पर भक्तों ने साधु संतों से आशीर्वाद लिया। वार्षिक उत्सव के दौरान ब्रह्मा अवधूत बाबा वीरेंद्र दास के हाथों महिमा धर्म का वार्षिक पत्रिका महिमा प्रभा का विमोचन किया। विदित हो कि सन 1999 से वार्षिक पत्रिका महिमा प्रभा का लेखन नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक, कवि त्रिलोचन पटेल के द्वारा किया जाता है। महिमा धर्म पर आधारित महिमा प्रभा पत्रिका के 27 वां अंक का विमोचन 22 नवंबर शनिवार को महिमा आश्रम सरिया में साधु संतों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दौरान शनिवार को अंतिम दिवस को महिमा आश्रम में महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो कि विगत गई वर्षों से ग्राम लुकापारा के युवाओं की टीम के द्वारा महा भंडारे में निःशुल्क सेवा देकर भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। उनके कार्यों की सराहना श्रद्धालुओं द्वारा की गई है।



# डीएमएफ मद से ओपीडी व पोस्ट ऑपरेटिव कक्ष का निर्माण

**कटेली।** डीएफएफ मद से अस्पताल परिसर में ओपीडी प्रतीक्षा कक्ष सह निःशुल्क दवा वितरण कक्ष तथा पोस्ट ऑपरेटिव कक्ष 7 बिस्तर का निर्माण पूर्ण किया गया है। इन दोनों महत्वपूर्ण संरचनाओं के तैयार होने से मरीजों को अब बेहतर, सुरक्षित और व्यवस्थित चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।



आधुनिक ओपीडी प्रतीक्षा कक्ष में बैठने की आरामदायक व्यवस्था, पेयजल तथा दवा वितरण की सुचारु सुविधा सुनिश्चित की गई है। वहीं 7 बिस्तरों वाला पोस्ट ऑपरेटिव कक्ष गंभीर मरीजों तथा ऑपरेशन पश्चात देखभाल की जरूरत वाले रोगियों के लिए बड़ी राहत बनकर तैयार हुआ है। कलेक्टर संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन और निरंतर निरीक्षण से कार्य समयसीमा में पूरा हो सका। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जिले की स्वास्थ्य जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाल ही में सारंगढ़ प्रवास के दौरान इस सुविधा निर्माण की घोषणा की गई थी, जो अब पूरी हो चुकी है। सरकार की घोषणाओं को धरातल पर उतारने में प्रशासन की सक्रियता साफ दिखाई दे रही है।

# पोषण सुरक्षा के लिए एनटीपीसी लारा ने किया किसानों को पौधा वितरण

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्थानीय समुदाय में पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने और घर घर में हरी सब्ज़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ बागवानी कार्य को बढ़ावा देने की उद्देश्य से किसानों को अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लारा के हाथों उन्नत किश्म के पौधा दिनांक 21 नवम्बर 2025 को वितरण किया गया।




इस अवसर पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा इस पहल का उद्देश्य है की पारंपरिक कृषि के अतिरिक्त लोगों को नई कृषि प्रणाली से जागरूक करना एवं इसके माध्यम से उनका आर्थिक अभिवृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मुनगा, पपीता, सहजन के साथ ही ड्रेगन फ्रूट की पौधे वितरित किए गए। साथ ही, रायगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों द्वारा जैविक खाद के उपयोग, पौधों की देखरेख एवं नियमित सिंचाई के महत्व पर उपयोगी जानकारी भी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि पोषण वाटिका का उद्देश्य है परिवारों को सिर्फ ताज़ीए स्वच्छ और पौष्टिक सब्ज़ियाँ उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि ड्रेगोन फ्रूट जैसी कैश क्रॉप को क्षेत्र में बढ़ावा देना है ताकि किसानों की आमदनी में बढ़ौतरी हो। बाड़ी में ताजी हरी सब्जी मिलने से जहां कुपोषण की रोकथाम होगी और स्वास्थ्य संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। एनटीपीसी लारा द्वारा समय समय पर ऐसी सामुदायिक पहलें आयोजित की जाती हैं ताकि आसपास के गाँवों में सतत विकास और जीवन स्तर में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष मानव संसाधन जाकिर खान, विभागाध्यक्ष सतर्कता हरी शंकर पटेल एवं कृषि विज्ञान केंद्र की अधिकारी बीएस राजपूत एवं बड़ी संक्षा में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का निरीक्षण

**सरसीवा।** बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला का सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस के वार्षिक निरीक्षण के लिए सारंगढ़ आगमन हुआ। जहां उन्होंने एसडीओपी बिलाईगढ़ कार्यालय तथा सरसींवा थाना का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुलिस कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण, आम जनता से व्यवहार के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।



निरीक्षण के द्वितीय दिवस क्रो प्रातः खेलभाठा मैदान सारंगढ़ में परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पुलिस सम्मलेन में जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की समस्यायें, गुजारिश सुनकर उनके त्वरित निराकरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को आवश्यक निर्देश दिए तथा सभी अधिकारी कर्मचारियों को अनुशासित रहकर अपने विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ ही आम जनता से बेहतर व्यवहार करने अपने परिवार एवं अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन दिया सइसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखाओं एवं रक्षित निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अधिकिरयों ने दी दबिश, 400 क्विंटल धान था डंप

# गोदाम में डंप 12 लाख का अवैध धान का जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

शुक्रवार को धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम पीपरमार में 400 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई। इसकी कीमत करीब 12 लाख 40 हजार आंकी गई है। यह कार्रवाई एसडीएम धरमजयगढ़ प्रवीण भगत के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा की गई।

एसडीएम धरमजयगढ़ भगत ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ग्राम पीपरमार गोदाम में मुकेश अग्रवाल अधिसूचित कृषि उपज के स्वामी जितेन्द्र अग्रवाल के पास 400 क्विंटल अवैध धान भंडारित पाया गया। जिसें जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अनुविभागीय स्तर पर गठित टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मण्डी निरीक्षक घरघोड़ा नारायण दास मौजूद रहे। इस कार्रवाई से धरमजयगढ़, लैलूंगा क्षेत्र में हड़कंप मचा है। संयुक्त टीम अवैध धान बिक्री को रोकने प्रयास कर रही है।







